आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 07.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरु। कई राज्यों के मंत्री और विभागीय अधिकारी हो रहे हैं शामिल।
- केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया।
- हिमगिरि एक्सप्रेस का रुड़की रेलवे स्टेशन पर ठहराव एक बार फिर शुरू, हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- वनाग्नि की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पौड़ी जिले के मल्ली गांव में आड़ा दिवस का आयोजन।

## चिंतन शिविर

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का दो दिवसीय चिंतन शिविर आज देहरादून में शुरु हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना है। केंद्रीय मंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान का खास तौर पर जिक्र करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि छात्र, युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को इस चुनौती से मिलकर निपटना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बी.एल वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच शुरू में ही जानकारी साझा होने से बेहतर परिणाम निकल पाएंगे। इस मौके पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि हम वंचित तबके को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सबका साथ, सबका विकास का मूल मंत्र इसीलिए दिया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों से बीते एक दशक में देशभर में करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज देश में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूलमंत्र के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में होने वाले संवाद से भविष्य में अपनायी जाने वाली सामाजिक सशक्तिकरण की नीतियों का रोडमैप तैयार होगा। चिंतन शिविर में कई राज्यों के मंत्री और विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य और इससे जुड़े अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वर्ष का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। इस विषय का उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु को रोकना और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य तथा कल्याण को प्राथमिकता देना है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अपने संदेश में, उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों के कल्याण के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।

आकाशवाणी के साथ विशेष बातचीत में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने देशवासियों से नमक, चीनी और तेल का कम इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की भी अपील की।

जनता दरबार

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भूमि विवादों, अतिक्रमण, बिल माफी और भवन मरम्मत जैसी अन्य शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। उधर, टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर पुनर्वास, राजस्व, पेयजल, समाज कल्याण, सड़क आदि विभागों से संबंधित 30 जन शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

हिमगिरि एक्सप्रेस ट्रेन

तीन वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हिमगिरि एक्सप्रेस का रुड़की रेलवे स्टेशन पर ठहराव एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। आज सुबह ट्रेन के आगमन पर हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि यह ट्रेन अब यहां रुकेगी, जिससे काफी यात्रियों को इसका लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन–चार माह में रुड़की रेलवे स्टेशन पूरी सुविधाओं से युक्त होगा। उन्होंने कहा कि 15 से 20 दिनों में झबरेड़ा–देवबंद रेलवे लाइन भी शुरू हो जाएगी, जिससे दिल्ली के सफर में आधा से पौना घंटे का समय बचेगा। सांसद ने कहा कि सहारनपुर–लक्सर और हरिद्वार सटल एक्सप्रेस जल्द चालू हो, इसके प्रयास भी किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि हिमगिरि एक्सप्रेस का ठहराव करीब 3 साल से रुड़की में बंद था, जबकि रुड़की रेलवे स्टेशन ए श्रेणी में दर्ज है। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हिमगिरि एक्सप्रेस का संचालन फिर से शुरू करने की मांग उठी थी। यह ट्रेन, रुड़की स्टेशन पर सुबह 3 बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी, जिसके लिए दो मिनट का स्टॉपेज होगा।

आड़ा दिवस पौड़ी

प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार शीतलाखेत मॉडल को अपनाने पर जोर दे रही है। पौड़ी जिले में शीतलाखेत मॉडल की तर्ज पर जनसहभागिता से वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के प्रयास स्वरूप वन विभाग आड़ा दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। श्रीनगर मार्ग और खिरसू–पौड़ी मार्ग के बीच पड़ने वाले सभी अति संवेदनशील गांवों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी ने कहा कि मल्ली गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को खेतों में आड़ा जलाने के दौरान बरतने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि जंगलों की तरफ बढ़ने वाली आग को नियंत्रित किया जा सके।

स्थानीय निवासी मधु ने बताया कि पर्यावरण में जो दुष्प्रभावी परिवर्तन हो रहा है, इससे बचने के लिए जंगलों को आग से बचाना बहुत जरूरी है।